सूक्ष्म , लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय
भारत सरकार

एससी, एसटी युवाओं के लिए अपना उद्योग लगाने का स्वर्णिम अवसर

"मेरी तरह आप भी राष्ट्रीय एससी, एसटी हब के साथ करें अपना उद्यम लगाने का सपना साकार"

श्रीमती शर्मिलाबेन चौधरी
सूरत, गुजरात

उद्योग:
मैसर्स मदर स्पाईसेस
वार्षिक कारोबार:
लगभग 24 लाख रु.

मैं गुजरात के आदिवासी समाज से सम्बन्ध रखती हूँ। मैंने सदैव मसालों की विनिर्माता होने का सपना संजोया था क्योंकि हमारे स्थानीय व्यंजनों में प्रयोग किए जाने वाले विविध मसाले मुझे हमेशा से रोमांचित करते थे। परन्तु शिक्षा एवं जानकारी के अभाव के कारण मैं अपने सपनो को साकार करने में सक्षम नहीं थी।

परिस्थितियां तब बदली, जब मुझे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की राष्ट्रीय एससी, एसटी हब स्कीम के अंतर्गत ईडीआईआई, अहमदाबाद में उद्यमिता का हुनर सीखने का मौका मिला। आज, मैं मिश्रित मसालों के व्यवसाय का सफलतापूर्वक संचालन कर रही हूँ। मेरा वार्षिक कारोबार 24 लाख रु. है और मैं अपने गांव की अन्य महिलाओं को रोज़गार प्रदान कर रही हूँ। राष्ट्रीय एससी, एसटी हब ने मुझे आत्म-विश्वासी और स्वावलम्बी बनने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

राष्ट्रीय एससी, एसटी हब स्कीम

देश भर के एससी, एसटी युवाओं में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने एवं सरकारी खरीद प्रक्रिया में उनकी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने की प्रमुख योजना है

पात्रता

- एससी, एसटी वर्ग के व्यक्ति
- वैध उद्योग आधार पंजीकरण वाले मौजूदा एससी, एसटी उद्यम (udyogaadhaar.gov.in पर नि:शुल्क उद्योग आधार पंजीकरण के लिए आवेदन करें)

राष्ट्रीय एससी, एसटी हब के विभिन्न घटकों के लाभ

- कौशल प्रशिक्षण
- शीर्ष 50 एनआईआरएफ दर्जा प्राप्त संस्थानों में पाठ्यक्रमों की शुल्क प्रतिपूर्ति
- टूलकिट वितरण

संयंत्रों और मशीनों की खरीद हेतु सब्सिडी

घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों में भागीदारी के लिए सब्सिडी

बैंक गारंटी प्रभारों और बैंक ऋण प्रोसेसिंग शुल्क की प्रतिपूर्ति

निर्यात संवर्धन परिषद की सदस्यता शुल्क की प्रतिपूर्ति

परीक्षण शुल्क की प्रतिपूर्ति

राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (एनएसआईसी) की एकल बिंदु पंजीकरण स्कीम के अंतर्गत पंजीकरण शुल्क पर सब्सिडी

एनएसआईसी के बी2बी पोर्टल- msmemart.com की सदस्यता पर सब्सिडी

यदि आप अपना उद्यम स्थापित करना चाहते हैं तो
https://www.scsthub.in पर ऑनलाइन आवेदन करें अथवा **क्यूआर कोड स्कैन करें**
निकटतम एनएसआईसी क्षेत्रीय कार्यालय, राष्ट्रीय एससी, एसटी हब कार्यालयों में भी संपर्क कर सकते हैं

फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर और यूट्यूब में **@minmsme** पर हमारा अनुसरण करें

NATIONAL SC-ST HUB

davp 25101/13/0020/1920